## एक नजर में



### आज माच पर आधारित नाटक का मंचन

**उज्जैन।** संस्कृति विभाग भारत सरकार के सहयोग से अंकुर रंगमंच समिति द्वारा माच एवं माच के कलाकारों के जीवन पर आधारित नाटक टीकाराम द लास्ट फोक स्टार का मंचन अंकित ग्राम सेवाधाम आश्रम, अंबोदिया में 11 नवंबर को सायं 5 बजे खुले मंच पर किया जाएगा। इस नाटक में मालवा के लोकनाट्य माच के लुप्त होने की कहानी को बहुत ही रोचक और मनोरंजक तरीके से सामने रखा गया है। इसमें बताया गया है कि लगभग 200 साल पुरानी माच परंपरा यहां के लोगों के जीवन में रची बसी थी और यह कला आज के युग में समाज और सरकारों की अवहेलना के कारण अपने अस्तित्व के लिए जूझ रही है। इसमें कलाकारों द्वारा माच के विकास के लिए किए गए संघर्षों को बहुत मार्मिक ढंग से उकेरा गया है। नाटक में आधुनिक समाज में हो रहे सूचना प्रौद्योगिकी, फिल्म, टीवी, मोबाइल, सोशल मीडिया एवं सामाजिक निष्ठुरता और राजनीति द्वारा अवहेलना के साथ ही कलाकारों के संघर्ष को नाटकीय रूप से अभिव्यक्त किया गया है। जिसका लेखन ईवान ख़ान द्वारा तथा निर्देशन रानावि के ओवेस खान के साथ श्री हफीज खान द्वारा किया है इसका संगीत निर्देशन माच गुरु बाबूलाल देवड़ा द्वारा किया गया है।



### महानिर्वाणी अखाड़ा में पूजन किया

**उज्जैन।** निर्वाणी सेवा आश्रम नरसिंह घाट में कार्यक्रम महंत रामदास महाराज के सानिध्य में आयोजित पूजन कार्यक्रम एवं महानिर्वाणी अखाड़ा में महंत श्याम बाबा के सानिध्य में आयोजित पूजन कार्यक्रम में सहभागिता कर महापौर मुकेश टटवाल द्वारा संतों का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व महापौर मदनलाल ललावत, मीना जोनवाल, राजेश जारवाल, जगदीश मरमट रंजीत जारवल दीपक शर्मा सहायक यंत्रीआदि मौजूद रहे।



### आराध्या बनी जूनियर राष्ट्रीय स्क्वेश चैंपियन

**उज्जैन।** आराध्या पोरवाल ने युवा मामलों और खेल के मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चेन्नई में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय स्क्वेश चैंपियनशिप 2025 (गर्ल्स अंडर-17) जीतकर गौरवान्वित किया है। आराध्या पोरवाल उन्हेल निवासी डॉ कैलाश चंद्र कामलिया की पोती है और दिल्ली में रहती है। उनके पिता विक्रम पोरवाल दिल्ली पुलिस में डीएसपी के रूप में पदस्थ हैं। दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा, आईपीएस ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य के प्रयासों के लिए आशीर्वाद दिया। आराध्या पोरवाल, एक युवा और ऊर्जावान स्क्वेश खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कई राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने का अनुभव प्राप्त किया है। वह एक उत्साही स्क्वेश खिलाड़ी हैं, जिनमें अटूट अनुशासन, दृढ़ निश्चय और उत्कृष्ट खेल कौशल है। स्क्वेश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जुलाई, 2025 से जारी लड़कियों की अंडर-17 श्रेणी की अखिल भारतीय रैंकिंग में वह लगातार प्रथम स्थान पर हैं और भारतीय स्क्वेश क्षितिज पर एक उभरता सितारा हैं। इस वर्ष जनवरी - 2025 में हुए राष्ट्रीय स्कूल खेलों में भी आराध्या स्वर्ण पदक विजेता रही थी। उन्होंने 2023 में चीन, हांगकांग (कांस्य पदक) और 2025 में दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

### युवा उत्सव में हुई मूर्तिकला, कोलाज स्पर्धा

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव में क्ले माडलिंग (मूर्तिकला) व कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन श्री राज राजेन्द्र जयंतसेन सूरि शिक्षा महाविद्यालय में किया गया। उज्जैन जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने क्ले माडलिंग (मूर्तिकला) व कोलाज विधाओं में प्रतिभागिता की। सरस्वती पूजन व वंदना के साथ प्रतियोगिता का आरम्भ हुआ। क्ले माडलिंग (मूर्तिकला) प्रतियोगिता में डॉ. बीएल सिरोडिया, डॉ. अभिषेक तोमर एवं शिरीष वाडिया ने निर्णायक भूमिका का निर्वहन किया। कोलाज प्रतियोगिता में चंदन यादव, सुमन डोंगरे, योगेश पोरवाल ने निर्णायक भूमिका का निर्वहन किया। क्ले माडलिंग (मूर्तिकला) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मयंक परमार, द्वितीय स्थान अदिती सिंह, तृतीय स्थान पूजा शर्मा ने प्राप्त किया। कोलाज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रविना राठौर, द्वितीय स्थान श्रुती पटेल, तृतीय स्थान मन्तशा खान ने प्राप्त किया। संचालन सोनाली नाडकर्णी एवं संयोजन राजेश पण्ड्या द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. विद्या जोशी ने परिचय दिया एवं आभार व्यक्त किया। रूचिता साकोरिकर, रागिणी भागवत, शेखर पाठक, मंजू जैन, अनिता सिरोठिया व ज्योती पाठक, अविनाश ललावत ने प्रतियोगिता में सहयोग किया। यह जानकारी राहुल बारोड़ द्वारा यह जानकारी दी गई।

### पांडे कांग्रेस प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी बने



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से मप्र कांग्रेस के प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र जोशी ने कांग्रेस के निष्ठावान, समर्पित कार्यकर्ता सतीष पांडे को कांग्रेस के प्रशिक्षण विभाग के देवास जिला प्रभारी पद पर मनोनीत किया गया। उल्लेखनीय है कि पांडे पूर्व में राहुल गांधी के प्रोजेक्ट प्राइमरीज इलेक्शन लातूर वर्धा में लोकसभा रिटर्निंग आफिसर व मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश संयोजक भी रहे है। इनकी नियुक्ति पर कांग्रेस जनों व वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

### आज निकलेगी राम काज़ धर्म यात्रा

**उज्जैन।** सर्व हिंदू सनातनी समाज उज्जैन समिति द्वारा आज 11 नवंबर मंगलवार को राम काज़ धर्म यात्रा निकाली जाएगी। नगर अध्यक्ष दुर्गेश नंदनी शर्मा ने बताया कि उल्टे हनुमान मंदिर सांवेर से पैदल एवं वाहन के साथ यात्रा आज सुबह 9 बजे प्रारंभ होगी। जो बड़ोदिया, पंथ पिपलाई, निनोरा, शनि मंदिर, अंजूश्री महामृत्युंजय द्वार, उज्जैन वसंत बिहार हनुमान मंदिर, नाना खेड़ा, तीन बती संजीवनी हॉस्पिटल, शहीद पार्क होते हुए टावर चौक पर हनुमान चालीसा के साथ यात्रा का समापन होगा। जितेन्द्र सिंह राठौड़, प्रदीप सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह आसावाद, देवेंद्र बना सहित सर्व हिंदू सनातनी समाज उज्जैन समिति ने समस्त सनातनी समाजजनों से इस यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया है। दुर्गेश नंदनी शर्मा ने बताया कि 1008 खेड़ापति सरकार के ध्वज के साथ एक साथ हनुमान चालीसा का विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहा है। राम नाम की प्रतियोगिता के साथ यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सबसे अधिक लिखने वाले को 1.5 लाख, 1 लाख, 51 हजार के साथ ही 500 भक्तो को उचित इनाम दिया जायेगा।

# सिंहस्थ मेला अधिकारी संत समागम में जुटे, साधु-संतों से भेंट कर मांगे सुझाव

## मेला अधिकारी सिंह ने श्री दत्त अखाड़े के गादीपति से भेंट कर सिंहस्थ कार्यों पर चर्चा की



**उज्जैन। सोमवार को संभागायुक्त व मेला अधिकारी आशीष सिंह ने श्री दत्त अखाड़ा जूना अखाड़ा के गादीपति महंत सुंदरपुरी महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इधर संभाग आयुक्त ने दूरसंचार नेटवर्क के संबंध में भी जरूरी बैठक ली।**

आगामी सिंहस्थ 2028 को लेकर किये जा रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। मेला अधिकारी ने चर्चा के दौरान बताया कि क्षिप्रा के छोटे पुल पर अत्यधिक दबाव को देखते हुए इसे चौड़ीकरण कर ऊंचाई के साथ बनाया जा रहा है। वहीं शिप्रा की छोटी रपट जो दत्त आखड़ा पर मिलती है उसकी भी ऊंचाई बढ़ाई जा रही है ताकि आम दिनों में आवश्यकता होने पर इस पर से भी यात्री आ जा सकें।

बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह भी मौजूद थे। संभागायुक्त ने उपस्थित बीएसएनएल, जियो, एयरटेल आदि कंपनियों को निर्देश देते हुए कहा कि सिंहस्थ महापर्व के दौरान अपनी-अपनी कंपनी की नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कार्ययोजना बनाएं। सिंहस्थ के दौरान बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों को दूरसंचार के नेटवर्क की समस्या न हो, इस कार्य में जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगा।

### संभाग आयुक्त ने संत का किया स्वागत

उल्लेखनीय है कि मेला अधिकारी आने वाले दिनों में सभी अखाड़े एवं आश्रमों में जाकर संतों से भेंट कर सिंहस्थ संबंधी जानकारी एवं सुझाव प्राप्त करेंगे। सोमवार को संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने दत्त अखड़ा पहुंचकर संत का स्वागत किया। उज्जैन के संभागायुक्त एवं सिंहस्थ सह मेला अधिकारी आशीष सिंह ने दूरसंचार से संबंधित सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों की बैठक प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की गई। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सिंहस्थ में सभी दूरसंचार कंपनियां अपने-अपने नेटवर्क को बेहतर अनाने के उद्देश्य से अपनी-अपनी कंपनी का प्लान तैयार करें।

# छठवें वित्त आयोग उड़ीसा के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने विकास कार्यों का अध्ययन किया

**उज्जैन। सोमवार के छठवें वित्त आयोग उड़ीसा के अध्यक्ष अरुण कुमार पांडा एवं आयोग के सदस्यों द्वारा उज्जैन आगमन पर नगर निगम की कार्य प्रणालियों एवं विकास कार्यों के बारे में अध्ययन किया गया। इस दौरान महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का बाबा महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। साथ ही आयोग द्वारा नगर निगम उज्जैन द्वारा किए जा रहे हैं विकास कार्यों एवं कार्यप्रणालियों एवं सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए शहर के प्रमुख निर्माण कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की गई।**

नगर निगम के अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह द्वारा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया गया कि उज्जैन शहर उत्सवों एवं धार्मिक नगरी का शहर है प्रतिदिन यहां लाखों की तादाद में श्रद्धालु एवं यात्रीगण आते हैं। साथ ही साथ उज्जैन शहर मध्य प्रदेश शासन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी गृह नगर है एवं 2028 में सिंहस्थ महापर्व का सफल आयोजन भी उज्जैन नगर निगम द्वारा किया जाएगा। जिसको लेकर व्यापक रूप से तैयारियां, चौड़ीकरण कार्य एवं विकास कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही उज्जैन नगर निगम द्वारा स्वच्छता को लेकर भी सकारात्मक कार्य किए जा रहे हैं। जिसके क्रम में उज्जैन शहर 3 से 10 लाख की आबादी में सुपर स्वच्छता लीग में प्रथम स्थान आया है। यहां पर धार्मिक मंदिरों से फूलों को संग्रहण करते हुए अगरबत्ती, धूप बत्ती एवं हर्बल गुलाल बनाया जाता है जो देश भर में प्रसिद्ध है। छठवें वित्त आयोग उड़ीसा के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा उज्जैन नगर निगम के साथ-साथ स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी अध्ययन किया गया। जिसमें स्मार्ट सिटी के सीईओ संदीप शिवा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी देते हुए महाकाल मंदिर विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान आयोग के सदस्य प्रोफेसर अमरेश सामंतराय, प्रोफेसर विभु प्रसाद नायक, अपर आयुक्त वित्त पुनीत शुक्ला, सहायक आयुक्त पवन कुमार फुलफकीर, घनश्याम मचार, राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री पलाश शर्मा उपस्थित रहें।

# ट्रक से भिड़ंत होते ही बाइक में लगी आग, दो युवकों की मौत



**उज्जैन।** देवास रोड पर रात में बाइक सवार दो युवकों की ट्रक से हुई टक्कर के बाद मौत हो गई। दुर्घटना होते ही बाइक में आग लग गई थी। नरवर पुलिस ने मौके पर पहुंचे मृतकों की पहचान की और परिजनों को बुलाया। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए परिजन देवास लेकर गए हैं।

नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेसरा में रहने वाला समृद्ध पिता रतनलाल सूर्यवंशी और संतोष पिता गोवर्धन लाल प्रजापति बाइक से देवास गए थे। रात में वापस लौटते समय चंदेसरी और मताना के बीच एमआईटी ब्रिज पर उनकी टक्कर ट्रक से हो गई। रफ्तार तेज होने पर बाइक सड़क से रगड़ती हुई कुछ दूरी तक गई और पेट्रोल लीकेज होने पर आग लग गई। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया था उससे पहले दोनों की मौत हो गई। घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़ में कुछ लोगों ने उनकी पहचान की और परिजनों को सूचना दी। दोनों के परिजन दुर्घटना स्थल पहुंच गए थे जहां से उन्हें देवास ले जाया गया। नरवर थाना पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है दोनों के पोस्टमार्टम देवास में हो रहे हैं। मार्ग डायरी आने पर जांच शुरू की जाएगी। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक भाग निकला था।

### एक युवक ने लगा रखा था हेलमेट

बताया जा रहा है कि बाइक सवार समरथ और संतोष दोस्त थे और देवास से वापस लौटते समय बाइक चला रहे संतोष ने हेलमेट लगा रखा था। दुर्घटना में हेलमेट क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके चलते सर में उसे चोट लगी थी। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर आवागमन बाधित हुआ जलती हुई बाइक देखकर चालकों ने अपनी गाड़ियां रोक ली थी। पुलिस ने बीच रास्ते से दोनों शवों को हटाया और जलती बाइक की आग बुझाई, कुछ देर में ही आवागमन सुचारु कर लिया गया।

### शिप्रा नदी से मिली महाराष्ट्र के युवक की लाश

उज्जैन। गढ़ कालिका मंदिर के आगे शिप्रा नदी में एक युवक की लाश दिखाई देने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। लाश 2 से 3 दिन पुरानी प्रतीत हो रही है। जिसकी पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं। प्रारंभिक रूप से सामने आया है कि युवक महाराष्ट्र का रहने वाला था उसके परिजनों से संपर्क किया गया है जिनके आने पर ही युवक की पहचान पुख्ता हो पाएगी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि रविवार देर शाम कुछ लोगों की सूचना पर शिप्रा नदी से एक युवक का शव निकाला गया है जो 2 से 3 दिन पुराना होने की वजह से काफी फुल चुका था। मृतक के शरीर पर कपड़े हैं जिससे संभावना जताई जा रही है कि उसने नदी में कूदकर आत्महत्या की है। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। आसपास के सभी थानों की पुलिस से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है। इस दौरान पता चला कि उक्त युवक महाराष्ट्र का रहने वाला है और दोस्तों के साथ दर्शन करने उज्जैन आया था। दोस्तों से अलग होने के बाद वह वापस नहीं लौटा था उसकी तलाश की गई लेकिन नहीं मिला तो सभी दोस्त वापस महाराष्ट्र के लिए चले गए। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस ने परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया है जिनके आने पर ही युवक के संबंध में जानकारी सामने आ पाएंगी शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है।

# माकड़ोन पुलिस की हिरासत में आए केबल-बाइक चोरी के 2 आरोपी



**उज्जैन। खेतों में लगी केवल और बाइक चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने रंजिश के चलते एक दूसरे के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।**

माकड़ोन थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम चाक्या से 30 अक्टूबर को रात के समय घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई थी, इससे एक दिन पहले 29 अक्टूबर को चाक्या गांव के किसान के खेत में सिंचाई के लिए लगाई गई विद्युत मोटर से लगभग 360 फीट टाटा कंपनी की केबल अज्ञात चोर द्वारा चोरी होना सामने आया था। दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। 9 दिन बाद चाक्या में रहने वाले अर्जुन पिता आत्माराम और राहुल पिता कालू सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि दोनों ने रंजिश के चलते एक दूसरे के यहां चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। बाइक चुराने के बाद जला दी गई थी जिसे पुलिस ने बरामद करने के साथ खेत से चोरी की गई 250 फीट केवल जब्त की है।

मामले का खुलासा करने में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह राजपूत, उपनिरीक्षक हुकुम सिंह सोलंकी, आरक्षक राजेन्द्र सिंह, राहुल, बहादुर की मुख्य भूमिका रही।

### सेवानिवृत्त रेल कर्मियों का सम्मेलन आज

**उज्जैन।** आल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन के तत्वावधान मे रतलाम मंडल के सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों का सम्मेलन आज 11 नवंबर को रेलवे कम्युनिटी हाल उज्जैन में आयोजित किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष प्रकाश व्यास एवं मंडल मंत्री एस एस शर्मा के अनुसार आज मंगलवार सुबह 11 बजे से प्रारंभ होने वाले एक दिवसीय सम्मेलन में सेवानिवृत्त साथियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर निराकरण हेतु राष्ट्रीय मुख्यालय को पत्र भेजा जाएगा। पूरे मंडल से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर सम्मेलन को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

# निगम आयुक्त ने किया झोन कार्यालयों का औचक निरीक्षण



**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा सोमवार को झोन क्रमांक 4, 5 एवं 6 का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां आयुक्त द्वारा झोन में आने वाले नागरिकों एवं हितग्राहियों से चर्चा करते हुए संबंधित झोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि झोन में आने वाले नागरिकों द्वारा दिए गए आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बताएं की समस्याओं का समाधान करें।

आयुक्त ने झोन में औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि झोन मुख्यालय महत्वपूर्ण कार्यालय है नगर निगम से संबंधित समस्त आवश्यक कार्य जिसमें नक्शा, नामांतरण, संपत्तिकर, शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं इत्यादि का कार्य संपादित होता है। यहां आने वाले प्रत्येक नागरिक झोन में दिए जा रही सुविधाओं का लाभ ले सके। इसलिए कार्यालय नियत समय पर खुलना चाहिए साथ ही कार्यालय समय पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी झोन मुख्यालय में उपस्थित रहे।

### सड़क निर्माण को भी देखा निगम आयुक्त ने

उज्जैन। नगर निगम द्वारा स्पेशल असिस्टेंस के तहत राशी रुपए लगभग 15 करोड़ की लागत से कोठी रोड संकुल भवन के सामने देवास रोड एवं कोठी महल से विक्रम नगर तक चौड़ीकरण कार्य करते हुए डामरीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। सोमवार को उक्त कार्यों का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने करते हुए स्थल पर ही तकनीकी उपकरणों के माध्यम से मटेरियल, टेंपरेचर, कांक्रीट, लेइंग एवं डिवाइडर की गुणवत्ता की जांच संबंधित उपयंत्री मुकुल मेश्राम की उपस्थिति में की गई।

### घायल महिला की अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** सड़क दुर्घटना में घायल हुई महिला को परिजन उपचार के लिए उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे जिसकी रात में मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक महिला फूलबाई पति गब सिंह सिसोदिया 57 साल निवासी पिपलिया जफर बड़ोद की रहने वाली है। परिजनों का कहना था कि बाइक वाले ने टक्कर मारी थी घायल होने पर समीप के अस्पताल ले गए थे जहां से उज्जैन रेफर किया गया था।

**महाकाल का भ्रमण** पुलिस जवानों ने दी सलामी, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह-एसपी प्रदीप शर्मा ने उठाई पालकी

# अगहन मास में चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में भक्तों को दर्शन देने निकले भगवान महाकाल

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** अगहन मास में सोमवार को भगवान महाकाल की सवारी निकली। सवारी में चांदी की पालकी में श्री चंद्रमौलेश्वर ने दर्शन देकर भक्तों को अभिभूत किया। सभा मंडप में शासकीय पुजारी घनश्याम शर्मा ने पूजन कराया। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह व एसपी प्रदीप शर्मा ने पालकी उठाई व नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। शाम 4 बजे सवारी शुरू हुई। मुख्य प्रवेश द्वार पर पुलिस जवानों ने बाबा को सलामी भी दी। सवारी में तोपची, पुलिस का बैंड, मंदिर का बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल के जवान और भजन मंडली शामिल थी। सवारी मंदिर से महाकाल चौराहा, गुदरी, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी होते हुए रामघाट पहुंची जहां शिप्रा के जल से भगवान चंद्रमौलेश्वर का अभिषेक किया गया, जिसके बाद आरती संपन्न हुई। आरती उपरांत सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा, कार्तिक चौक, ढाबा रोड, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होते हुए पुन: मंदिर लौटी।



### फिल्म अभिनेत्री दिव्या दत्ता महाकाल की सुबह आरती में शामिल हुई

फिल्म अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने सोमवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह के बाहर चांदी द्वार से पहले दर्शन-पूजन किया। इसके बाद नंदी हॉल में बैठकर दद्योदक आरती देखी। दत्ता सुबह करीब 8 बजे मंदिर पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने नंदी जी के कान में अपनी मनोकामना भी कही। मंदिर में पत्रकारों से उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल के आंगन में प्रतिदिन होने वाले लाइट एंड साउंड शो में जो आवाज सुनाई देती है, वह उनकी ही है। उन्होंने कहा, मुझे गर्व है कि भगवान महाकाल की गौरव गाथा कहने का अवसर मुझे मिला है। आवाज देकर मैं बहुत खुश हूं कि मेरी आवाज महाकाल के आंगन में गूंजती है।

### 12 की रात 12 बजे मनेगा भैरव जन्मोत्सव

12 नवंबर की रात 12 बजे भैरव अष्टमी के अवसर पर भैरवनाथ का जन्मोत्सव मंदिरों में धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रसिद्ध काल भैरव की सवारी 13 नवंबर को भैरवगढ़ में निकलेगी। काल भैरव के पुजारी ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में 12 नवंबर की रात को जन्मोत्सव होगा एवं 13 नवंबर की शाम को 4 बजे मंदिर से श्री काल भैरव की सवारी निकाली जाएगी जो भैरवगढ़ में भ्रमण करेगी। पालकी का पूजन कलेक्टर व एसपी द्वारा किया जाएगा। काल भैरव को सिंधिया पगड़ी धारण कराई जाएगी। सवारी मंदिर से केंद्रीय जेल चौराहे पर पहुंचेगी जहां मुख्य द्वार पर जेल पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। इसके बाद सवारी सिद्धवट पहुंचेगी, जहां पूजन-पश्चात वापस मंदिर लौटेगी। उज्जैन के अष्ट महाभैरवों में से एक सिंहपुरी स्थित श्री आताल-पाताल भैरव मंदिर पर भी भैरव अष्टमी पर उत्सव मनाया जाएगा। पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि 13 नवंबर को मंदिर से ढोल, बैंड के साथ सवारी निकाली जाएगी जो पुराने शहर का भ्रमण करेगी। पालकी में भैरव नाथ की प्रतिमा रहेगी। भागसीपुरा, कार्तिकचौक पर भी अभिषेक, पूजन, आरती व श्रृंगार दर्शन होंगे।